Washim District Police

Nature of Work :- **Recovery of stolen property**

Police Station :- **SP Office, Washim**

Date of Good Work done :- **22/05/2022**

Brief of the work done :-

पोलीस अधीक्षक श्री. बच्चन सिंह (भा.पो.से.) यांच्या संकल्पनेतून 87.2 लाख रुपये किंमतीचा मुद्देमाल मूळ मालकांना परत; चोरीस गेलेला मुद्देमाल लवकर हस्तगत करून मूळ मालकांना परत करण्यासाठी वाशिम पोलीस सतत प्रयत्नशील आहेत.

वापसी | जिले के विविध थानों में पड़ा था चोरी, सेंधमारी का बरामद सामान

87.23 लाख का माल मालिकों को लौटाया

जिला प्रतिनिधि | वाशिम

जब से जिला पुलिस अधीक्षक बच्चन सिंह ने वाशिम में पदभार सम्हाला है तभी से वे अपने अनुपम उपक्रमों को लेकर सुर्खियों में है और उनके इन्हीं अनुकरणीय कार्यो से वाशिम पुलिस का गौरव विदर्भ में ही नहीं तो राज्यस्तर पर भी बढ़ा है । ऐसे ही एक अनुपम उपक्रम के तहत चोरी और सेंधमारी समेत गुम हुए लगभग 87 लाख 23 हज़ार का ज़ब्त किया हुआ सामान जो जिले के विविध थानों के मालखाने में जमा था, शनिवार को उनके मूल मालिकों को ससम्मान लौटाया गया । जनता की मेहनत-मशक्कत से एकत्रित की गई पुंजी उन्हें लौटाने पर पुलिस और जनता के सम्बंध सौदार्हपुर्ण और विश्वासपुर्ण निर्माण होंगे ।

साथही पुलिस के प्रति जनता की भावना अधिक मजबुत होकर जनता का समाधान हो इस उद्देश्य और संकल्पना से जिला पुलिस कप्तान बच्चन सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे की उपस्थिति में स्थानीय पुलिस थानों में पड़ा हुआ सामान उनके मूल मालिकों को लौटाने हेतु स्थानीय पुराने पुलिस मुख्यालय में शनिवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम में स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक सोमनाथ जाधव समेत सभी पुलिस थानों के हेड मोहरर व उनके सहयोगी अमलदारों, अपराधों के शिकायतकर्ता / फरियादियों को 21 मई को जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आंमत्रित किया गया । जिले के सभी पुलिस थानों में जब्त किया गया 87 लाख 23 हजार रुपए का माल उनके मूल मालिकों को लौटाया गया । इसमें 9 लाख 55 हजार रुपए मूल्य की सोने की वस्तु, 2 लाख 92 हजार के मोबाइल, 2 लाख 55 हजार नकदी, 8 लाख 21 हजार रुपए मूल्य की मोटार साइकिल, 7 लाख के चौपहिया वाहन, 46 लाख 36 हजार का अनाज, 12 हजार रुपए मूल्य की खेत मोटर व अन्य 10 लाख 50 हजार ऐसे कुल 87 लाख 23 हजार रुपए मूल्य के माल का समावेश है । इससे पूर्व भी 15 दिसम्बर 2021 को 11 करोड़ का माल फरियादियों को लौटाया गया था ।

▪ मार्गदर्शन कर प्रशस्तिपत्र वितरित

अपने मार्गदर्शन में जिला पुलिस अधीक्षक बच्चन सिंह ने पुलिस के कर्तव्य और जवाबदारियों को लेकर जानकारी दी । साथही पुलिस अधिकाधिक उत्कृष्ट कार्य करे, इस हेतु प्रोत्साहन देते हुए आगे भी पुलिस विभाग की ओरसे अपराधियों का खुलासा किए जाने, जनता का चोरी तथा गुम हुआ माल लौटाते हुए उनका समाधान करने की दृष्टि से प्रयास करने का आश्वासन दिया । इस अवसर पर एसपी बच्चन सिंह ने हेडमोहर तथा सहयोगी पुलिस अमलदारों को प्रशस्तिपत्र भी वितरित किए ।

दैनिक भास्कर
Sun, 22 May 2022
https://epaper.bhaskarhindi.com/c/68186659